



## एक नजर में



### नपाध्यक्ष ने कराटे खिलाड़ी मेघा शर्मा का किया सम्मान

**सीहोर.** शहर की उभरती कराटे खिलाड़ी मात्र 13 साल की मेघा शर्मा ने देश की राजधानी दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर नेशनल कराटे प्रतियोगिता में दो मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी मेघा शर्मा का सम्मान किया. इस मौके पर सीएमओ सुधीर सिंह सहित अन्य पार्षद मौजूद थे. मेघा शर्मा ने बताया कि दिल्ली में आयोजित नेशनल कराटे प्रतियोगिता में उन्होंने अंडर-14 एज ग्रुप में सिल्वर और ब्राउंज मेडल हासिल किया है. नपाध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ ने प्रतिभाशाली बालिका के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की.




### ऑक्सफोर्ड की बुशरा व ईशा पटेल मैराथन में रहीं अव्वल

**सीहोर.** दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल,की छात्राओं ने रोटरी क्लब, इनर व्हील एवं रेडक्रॉस सोसाइटी, सीहोर द्वारा आयोजित मैराथन फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन किया. 5 किमी रेस में पूर्व छात्रा बुशरा खान ने प्रथम एवं कक्षा 10 की ईशा पटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया. छात्राओं को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के गवर्नर सुशील मल्होत्रा द्वारा सम्मानित किया गया. इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय और रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विपुल चंदक ने प्रतिभागियों को बधाई दी. संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, डॉ. बीना जे. कुरियन, संजय सिंह तोमर, अताउल्लाह खान, शास. आलोक शर्मा तथा नीना सिंह ने छात्राओं को बधाई दी है.



### सामाजिक बुराइयां देश के लिए घातक : सोमकुंवर

**सीहोर.** बुद्ध धम्म प्रचार समिति नागपुर द्वारा आयोजित बुद्ध धम्म संदेश रैली का आगमन नगर में हुआ. डॉ. अम्बेडकर धर्मशाला में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सामाजिक बुराइयों का निषेध कर स्वस्थ समाज के निर्माण का का संकल्प लिया. संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में सभी समस्याओं का उपाय बताया है. अत- संविधान के प्रति जागरुकता, मौलिक अधिकारों व कर्तव्य के प्रति सबको जागरूक होना चाहिए. उक्त उद्गार समिति के संयोजक केशव सोमकुवर ने व्यक्त किए. इस मौके पर रवीन्द्र बांगरे, बोधाचार्य देवानंद वानखेड़े कमलेश दोहरे, सीताराम भारती, सुनील फरेला, नरेन्द्र खंगराले, आरती खंगराले, प्रेमलता शैल, देवेन्द्र अहिरवार, नीरज जाटव, महेश कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे.



### बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को मिलीं स्वास्थ्य सेवाएं

**सीहोर.** जिले भर की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया. सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई. कार्यक्रम के दौरान 0 से 1 वर्ष तक के 350 बच्चों का टीकाकरण किया गया, वहीं 1 वर्ष से अधिक आयु के 108 बच्चों को भी टीके लगाए गए. इसके साथ ही 48 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई.



### बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे हैं एसआईआर कार्य

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के. के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत व्यापक अभियान चलाया जा रहा है. बीएलओ द्वारा गणना फार्म घर-घर जाकर मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं और फार्म भरने में मतदाताओं की मदद कर रहे हैं. भरे हुए फार्म प्राप्त कर बीएलओ उन्हें बीएलओ एप पर डिजिटाइज कार्य भी कर रहे हैं. कई बीएलओ ने एसआईआर के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. एसआईआर कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित विभिन्न विभागों के अन्य कर्मचारी भी बीएलओ का सहयोग कर रहे हैं. कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं. बीएलओ को किसी प्रकार की समस्या या कठिनाई न हो, इसके लिए ईआरओ एवं एईआरओ भी लगातार बीएलओ से संपर्क में रहकर मौके पर ही समस्याओं का समाधान कर रहे हैं.

# शहर में जलसंकट के हालात बनाने का षड्यंत्र

## नगरपालिका के अमले ने शुक्रवार को फिर भगवानपुरा तालाब से पानी चोरी कर रही तीन मोटरों को पकड़ा

- अल्पवर्षा के कारण काफी खाली पड़े हैं तमाम जलाशय
- नपा की सतर्कता के बाद भी पानी चोरी का क्रम जारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 नवंबर. नपा की तमाम सतर्कता के बाद भी शहर की प्यास बुझाने के लिए सुरक्षित पेयजल की चोरी का सिलसिला जारी है. गुरुवार को जहां आष्टा नपा ने पार्वती नदी से पानी चोरी कर रही पांच मोटर जब्त की थी वहीं शुक्रवार को सीहोर नपा के अमले ने भगवानपुरा तालाब से पानी उलीच रही पांच- पांच हार्सपावर की तीन मोटर को जब्त किया है.**



**सीहोर.** शुक्रवार को नगरपालिका के अमले ने भगवानपुरा तालाब से पानी चोरी करने वाले किसानों की मोटर जब्त कीं.

मानसून में बादलों के दगा दे जाने के कारण अधिकांश तालाब व नदियां खाली पड़े हैं. आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल संकट भीषण रूप धारण न कर सके इसके लिए नपा द्वारा जमोनिया व भगवानपुरा तालाब के अलावा पार्वती नदी पर बने काहिरी बंधान के पानी को पेयजल के लिए आरक्षित कर रखा है. नपा द्वारा पानी की चोरी रोकने के लिए टीमों का गठन भी किया गया है. इसके बाद भी दु:साहसी किसानों द्वारा पेयजल की चोरी कर खेतों में सिंचाई की जा रही है. इस कारण जलस्त्रोंतों का जलस्तर तेजी से घटता जा रहा है. तमाम हिदायतों के बाद भी किसान पानी चुराने से बाज नहीं आ रहे हैं. वह रात के अंधेरे में तालाब व नदी के किनारों पर शक्तिशाली मोटर रखकर पानी चोरी कर रहे हैं. एक दिन पहले आष्टा नपा के अमले ने पार्वती नदी से पानी चोरी करने वाले पांच किसानों के मोटर पंप जब्त किए थे. इसी क्रम में शुक्रवार को सीहोर नपा के सहायक यंत्री विजय कोली, उपयंत्री वैभव लोवानिया के निर्देशन में नपा के अमले ने जब भगवानपुरा तालाब का निरीक्षण किया तो वह यह देखकर हैरान हो गए कि किसानों ने पांच- पांच हार्सपॉवर की मोटर तालाब के किनारे रखी थी और उनसे पानी खींचकर खेतों तक पहुंचा रहे थे. नपा के अमले ने तीन मोटर जब्त की है. सहायक यंत्री श्री कोली ने बताया कि इन किसानों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

> **नपा का अमला कर रहा सतत निरीक्षण**
>
> भगवानपुरा, जमोनिया जलाशय और पार्वती नदी के काहिरी बंधान से पानी लेने पर प्रतिबंध लगाया है. पानी चोरी को रोकने के लिए नपा की गठित टीम सतत भ्रमण कर रही है. शुक्रवार को भी भगवानपुरा तालाब से पानी चोरी कर रहे तीन किसानों के मोटर पंप जब्त किए गए हैं. इनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.
>
> **सुधीर कुमार ,**
> मुख्य नपाधिकारी सीहोर

## शिवानी अंतरराष्ट्रीय सीमा का करेंगी दौरा



**सीहोर.** एनएसएस की वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवानी प्रजापति का चयन मां तुझे प्रणाम के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के अध्ययन दौरे के लिए किया गया है. शिवानी प्रजापति 22 नवंबर तक राजस्थान के जैसलमेर जिले स्थित लोंगेवाला अंतरराष्ट्रीय सीमा का भ्रमण करेंगी. यह वही ऐतिहासिक सीमा क्षेत्र है, जहां 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना ने अभूतपूर्व वीरता और रणनीति का परिचय दिया था. यात्रा के दौरान शिवानी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से प्रत्यक्ष रूप से मुलाकात करेंगी. शिवानी के चयन से सीहोर जिले के एनएसएस समुदाय में उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक अमित शर्मा, अशीष मेवाड़ा, आदित्य गौर, यशराज चौहान आदि ने उन्हें बधाई दी है.

## अत्याचार के मामलों में बरतें संवेदनशीलता

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 नवंबर.** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में आयोजित की गई.

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अत्याचार पीड़ितों के मामले में पूरी संवेनदशीलता और तत्परता के साथ कार्यवाही की जाए ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके. जानकारी दी गई कि 81 प्रकरणों में 1 करोड़ 56 लाख रूपए राहत राशी वितरित की गई है. उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए बनाया गया है. इस अधिनियम का उद्देश्य इन समुदायों को भेदभाव और अत्याचारों से बचाना और उनके सम्मानपूर्वक जीने के अधिकार को सुनिश्चित करना है. उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में प्रकरणों में राहत राशि जारी करने में विलंब नहीं होना चाहि. उन्होंने लोक अभियोजन प्रभारी को निर्देश दिए कि न्यायालयों मे लंबित प्रकरणों में निर्णय होने के संबंध में त्वरित कार्यवाही कराएं.

## एम्स की टीम ने जिले में दिया प्रशिक्षण

**सीहोर.** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा आईसीएमआर के प्रकाश प्रोजेक्ट (एनीमिया मुक्त भारत) के अंतर्गत स्टेकहोल्डर ट्रेनिंग एवं बैठक का आयोजन किया. बैठक का उद्देश्य एनीमिया मुक्त भारत 2.0 के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक रणनीतियों एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी साझा करना था. ताकि आगामी कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू किया जा सके.



## मतदाताओं को परेशानी न हो : राय

- ग्राम जमोनिया पहुंचे विधायक राय ने दिए निर्देश
- रिकार्ड तलाशने में मतदाताओं की मदद करें बीएलओ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 नवंबर.** ग्राम जमुनिया पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने शुक्रवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों से पुनरीक्षण कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की.

विधायक राय ने एसआईआर अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में कार्य कर रहे बी एलओ सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि कई नागरिकों को रिकॉर्ड ढूंढने में दिक्कत हो रही है. अधिकांश बहूओं के वर्षों पूर्व मृत माता-पिता के नाम मतदाता सूची मैं नहीं मिल पा रहे हैं जिसके कारण फॉर्म पूरे होने में परेशानी हो रही है. पुनरीक्षण कार्य को लेकर कई लोगों में भ्रम की स्थिति भी बनी हुई है. विधायक सुदेश राय ने कहा कि बीएलओ सहित सभी कर्मचारी को रिकॉर्ड तलाश ने में नागरिकों की मदद करना चाहिए. उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र और सशक्त भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है. विधायक सुदेश राय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपना एवं अपने परिवार का मतदाता प्रपत्र समय पर भरकर अपने बीएलओ के पास अवश्य जमा कराएं.

## खेल महोत्सव में बच्चों ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन

- बुधनी के माना खेल मैदान पर हुईं अनेक खेल प्रतियोगिताएं
- विजेता खिलाड़ियों को किए पुरस्कार वितरित

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 नवंबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार सांसद खेल महोत्सव के तहत माना खेल मैदान में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.




रस्साकशी, चेयर रेस, चम्मच दौड़ सहित कई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उम्दा प्रतिभा और खेलभावना का परिचय दिया. नगर परिषद बुधनी क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत गुरुवार को वार्ड क्रमांक 14 स्थित माना खेल मैदान में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश पाल, उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पार्षद प्रभात भदौरिया, पार्षद यशवंत चौहान, पार्षद प्रतिनिधि किशन मालवीय, हरदयाल आजाद, धीरेन्द्र तिवारी, सीएमओ संतोष रघुवंशी सहित परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे. अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 नवंबर.** नगर में शुक्रवार को सीहोर कलेक्टर बालागुरू के. बुधनी पहुंचे. उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर एसआईआर मतदाता सूची सर्वे कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली और चल रहे कार्यों की गुणवत्ता का आंकलन किया. इस मौके पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, तहसीलदार ललित सोनी, सीएमओ संतोष रघुवंशी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधनी, आष्टा, इछावर और सीहोर विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं, उन्हें भरवा रहे हैं और बीएलओ एप पर अपलोड कर डिजिटलीकरण का कार्य समय पूर्व पूरा कर रहे हैं. प्रक्रिया के प्रथम चरण में कई बीएलओ ने 80 से 98 प्रतिशत तक डिजिटलीकरण का कार्य किया है. उनके इस समर्पण और तेजी ने जिले में एसआईआर अभियान को नई गति प्रदान की है. दौरे के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इसी प्रकार सक्रियता और जिम्मेदारी से कार्य किया गया, तो जिले का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले प्राप्त किया जा सकता है. उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बताया.

## खिलाड़ियों के लिए बनाएंगे स्विमिंग पूल व स्टेडियम

- एमएलबी स्कूल में खेल महोत्सव के तहत कार्यक्रम
- विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 नवंबर.** खिलाड़ी बच्चों के लिए हम स्विमिंग पूल, स्पोर्ट हेल्थ क्लब और इंडोर स्टेडियम बनाएंगे. खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास तीव्र होता है. पढ़ना भी है, खेलना भी है, आगे भी बढ़ना है.

उक्त बात शुक्रवार को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए शिक्षा और चिकित्सा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं. कार्यक्रम के अतिथि नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता मौजूद थे. प्राचार्य श्रीमती रूपश्री नागेश द्वारा स्वागत भाषण दिया गया. अतिथियों का वरिष्ठ व्याख्याता वर्षा राठौर, शिक्षक सीमा जैन अर्चना शर्मा, सुनीता मालवीय, जितेंद्र सेन के द्वारा फूल माला पहना कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया. अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को शील्ड मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया. कार्यक्रम में सीमा जैन, अर्चना शर्मा, सुनीता मालवीय, सुनीता राठौर, अरुशेंद्र शर्मा, ज्योति बड़ेरिया, रिचा गुप्ता, सीमा सिंह, ममता समाधिया, पूनम पाठक, रेणु सोलंकी, रीना जैन, राखी नामदेव, प्रेमलता धोड़ेसवर, पियूष बैरागी, विशाल कौशल, नीलम सक्सेना अर्चना उरवे व अन्य शिक्षक मौजूद थे.




**सांसद खेल महोत्सव** ▶ रेहटी में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, विधायक व युवा मोर्चा नेता कार्तिकेय चौहान भी रहे उपस्थित

## स्वस्थ रहने के लिए जीवन में खेलों का अति महत्वपूर्ण योगदान

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 21 नवंबर.** सांसद खेल महोत्सव का आगाज रेहटी के खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ.

बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव एवं युवा आईकॉन कार्तिकेय सिंह चौहान का खेल मैदान पर मंडल सलकनपुर अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों द्वारा स्वागत किया गया. खिलाड़ियों को टीशर्ट वितरित की गई. खेल प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि खेल महोत्सव की शुरुआत रेहटी में 3 वर्ष पहले ही चुकी है. जब हमारे पास स्टेडियम नहीं था और आज सांसद खेल क्रिकेट टूर्नामेंट स्टेडियम में हो रहा है. विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए जीवन में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है और स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण करता है व स्वस्थ मस्तिष्क प्रतिभाओं का निर्माण करता है. खेल मैदान पर सामूहिक तौर से राष्ट्रगान के बाद दोनों नेताओं ने खिलाड़ियों से परिचय किया गया एवं फीता काटकर शुभारंभ किया गया. खेल मैदान पर वृक्षारोपण भी किया गया. टूर्नामेंट के दौरान कार्तिकेय चौहान ने स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच बैठकर मैच का लुत्फ़ उठाया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. क्रिकेट टीम शिवशक्ति क्रिकेट क्लब रेहटी एवं विश्वराज क्लब रेहटी के बीच टॉस से क्रिकेट मैच शुरू हुआ. टूर्नामेंट के शुभारंभ के बाद क्षेत्रीय विधायक और कार्तिकेय सिंह चौहान ग्राम पंचायत जहाजपुरा पहुंचे जहां मुख्य अतिथियों का तुलदान किया गया. नवीन सेवा सहकारी समिति का फीता काटकर शुभारंभ किया गया. ग्राम पंचायत मोगरा एवं ग्राम पंचायत मंजरकुई में सामुदायिक और पंचायत भवन का भी लोकार्पण और शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर रेहटी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, रामगोपाल टेलर, रामनारायण साहू, आसाराम यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार, महेश उपाध्याय, अनार सिंह चौहान, केशव चौहान, मनोहर लाल महेश्वरी, प्रेमनारायण मीणा, दुर्गेश सोनी, महामंत्री प्रदीप पटेरिया, मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी, चेतन पटेल, युवा नेता प्रखर नायक, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष कृतिन जिराती, श्रीमती अर्चना शर्मा, सुनीता चौहान, सावित्री चौहान, सुनीता यादव, हेमलता वंशकार उपस्थित थे.



## भक्ति भाव से मनेगी गीता जयंती

**डोबी.** मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती महोत्सव गीता अध्ययन केंद्र सरदार नगर पर मनाई जाएगी. विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा श्लोक प्रस्तुत किए जाएंगे. 1 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गीता पर व्याख्यान दिया जाएगा.


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड क्र 2592 4704 8741 में त्रुटिवश मेरा नाम दीक्षा (DIKSHA) पुत्री कमल सिंह नाम अंकित हो गया है एवं आधार कॉर्ड में मेरी जन्म दिनांक 01/01/2008 अंकित हो गयी है मेरे अन्य दस्तावेज अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, में दीक्षा परमार (DIKSHA PARMAR) पुत्री कमल सिंह नाम अंकित है एवं जन्म दिनांक 14/07/2007 जो कि वास्तविक व सही नाम है। अत: प्रकाशन उपरांत दीक्षा परमार (DIKSHA PARMAR) पुत्री कमल सिंह परमार से जाना व पहचाना जावे।

सर्व साधारण को सूचित होवे।

प्रार्थी
दीक्षा परमार पुत्री कमल सिंह परमार
आयु 18 वर्ष निवासी ग्राम पीपलनेर
पो. हीरापुर तहसील व जिला सीहोर म.प्र.
पिन 466001 मो. 9753507817